75. During microscopic observation of pond water, a researcher finds a unicellular organism that moves using pseudopodia and engulfs food by phagocytosis. Which organism most likely shows this feeding mechanism ?
(a) Paramecium caudatum (b) Amoeba proteus
(c) Plasmodium vivax (d) Euglena

76. Following are the statements about lichens. Which of them are correct ?
a. They are unique formation involving fungi and algae.
b. They are indicators of SO2 and nitrogen pollution.
c. Reindeer moss is an example of fruticose lichen.
d. They are used in tanning hide into leather.
Choose the most appropriate answer from the options given below :
(a) Only a and b (b) a, b, c and d
(c) Only a, b and d (d) Only a

77. In a cytogenetic study, a gamete is found to contain two copies of chromosome 21 instead of one. Which meiotic error most likely produced this abnormality ?
(a) Crossing over in prophase I
(b) Failure of DNA replication in S phase
(c) Premature spindle formation in metaphase II
(d) Non-disjunction during meiosis I or meiosis II

78. In Lycopodium, the stele is
(a) Protostele (b) Meristele
(c) Polystele (d) Siphonostele

74. वह कौन-सा हार्मोन है जो मुख्य रूप से जड़ के अग्रभागों में संश्लेषित होता है और ऑक्सिन के विपरीत कार्य करते हुए पार्श्व कलियों की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अग्राभिसारी रूप से प्रवाहित होता है ?
(a) ब्रासिनोस्टेरॉइड्स (b) स्ट्रिगोलेक्टोन्स
(c) जैस्मोनिक अम्ल (d) साइटोकाइनिन्स

75. तालाब के जल का सूक्ष्मदर्शी से अवलोकन करते समय, एक शोधकर्ता को एक एककोशिकीय जीव मिलता है जो पादाभ का उपयोग करके गति करता है और भक्षण द्वारा भोजन ग्रहण करता है । कौन-सा जीव इस भोजन क्रियाविधि को सबसे अधिक प्रदर्शित करता है ?
(a) पैरामीसियम कौडेटम (b) अमीबा प्रोटियस
(c) प्लाज्मोडियम वाइवैक्स (d) यूग्लीना

76. लाइकेन के विषय में निम्नलिखित कथन हैं । इनमें से कौन-सा सही है ?
a. ये कवक और शैवाल से बनी एक अनोखी संरचनाएँ हैं ।
b. ये SO2 और नाइट्रोजन प्रदूषण के संकेतक हैं ।
c. रेनडियर मॉस फ्रूटिकोज लाइकेन का एक उदाहरण है ।
d. इनका उपयोग खाल को चमड़े में बदलने के लिए किया जाता है ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(a) केवल a और b (b) a, b, c और d
(c) केवल a, b और d (d) केवल a

77. एक कोशिकानुवंशिक अध्ययन में, एक युग्मक में गुणसूत्र 21 की एक प्रति के स्थान पर दो प्रतियाँ पाई गईं । अर्धसूत्री विभाजन की किस त्रुटि के कारण यह अपसामान्यता उत्पन्न होने की सर्वाधिक संभावना है ?
(a) पूर्वावस्था I में जीन विनिमय
(b) S प्रावस्था में डी.एन.ए. प्रतिकृतीयन की विफलता
(c) मध्यावस्था II में समयपूर्व तर्कुओं का गठन
(d) अर्धसूत्री विभाजन I या अर्धसूत्री विभाजन II के दौरान अवियोजन

78. लाइकोपोडियम में, रंभ होता है
(a) आदिरंभ (b) रंभांशक
(c) बहुरंभ (d) नालरंभ

© NotesCafe Teaching Exams · Copyright protected · For personal use only

79. Which structure in Euglena supports the hypothesis of its evolutionary link between plants and animals ?
(a) Pellicle
(b) Chloroplast with pyrenoids
(c) Contractile vacuole
(d) Eyespot

80. Match List-I with List-II.
List-I (Scientist) : a. Rosalind Franklin; b. Barabara McClintok; c. Lynn Margulis; d. Martha Chase
List-II (Contribution) : I. Endosymbiotic Theory; II. Photo 51; III. Blender Experiment; IV. Jumping genes
Choose the most appropriate answer from the options given below :
(a) a-IV, b-II, c-III, d-I
(b) a-II, b-IV, c-I, d-III
(c) a-III, b-IV, c-I, d-II
(d) a-I, b-II, c-III, d-IV

81. A metropolitan city experiences intense sunlight, heavy vehicular traffic and high levels of nitrogen oxides and hydrocarbons. During the afternoon, citizens report eye irritation and reduced visibility. Which pollutant is most responsible for these symptoms ?
(a) Ozone (O3) formed by photochemical reactions
(b) Lead aerosols
(c) Sulfur dioxide (SO2)
(d) Carbon monoxide (CO)

82. Which of the following statements are true for sporophyte of Marchantia ?
(a) It dehisces by the rupture of opurculum.
(b) Calyptra, perigynium and perichaetium form protective sheath surrounding the sporophyte.
(c) Sporophyte produce spores that develop into a gametophyte that bears both antheridium and archegonium.
(d) It has haploid elaters that help in the dispersal of spores.

79. यूग्लीना में कौन-सी संरचना पौधों और जंतुओं के बीच उसके विकासवादी जुड़ाव की परिकल्पना का समर्थन करती है ?
(a) तनुत्वक्
(b) पाइरानॉइड के साथ हरित लवक
(c) संकुचनशील रसधानी
(d) दृक् बिंदु

80. सूची-I का सूची-II के साथ मिलान करें ।
सूची-I (वैज्ञानिक) : a. रोज़ालिंड फ्रैंकलिन; b. बारबारा मैकक्लिंटोक; c. लिन मार्गुलिस; d. मार्था चेज़
सूची-II (योगदान) : I. अंत:सहजीवन सिद्धांत; II. फोटो 51; III. ब्लेंडर प्रयोग; IV. झंपक जीन
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(a) a-IV, b-II, c-III, d-I
(b) a-II, b-IV, c-I, d-III
(c) a-III, b-IV, c-I, d-II
(d) a-I, b-II, c-III, d-IV

81. एक महानगर में तेज़ धूप, भारी वाहन यातायात और नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा हाइड्रोकार्बन का उच्च स्तर देखने को मिलता है । दोपहर के समय, नागरिकों को आँखों में जलन और कम दृश्यता की शिकायत होती है । इन लक्षणों के लिए कौन-सा प्रदूषक सबसे अधिक उत्तरदायी है ?
(a) प्रकाश-रासायनिक अभिक्रियाओं द्वारा निर्मित ओज़ोन (O3)
(b) लेड एरोसोल
(c) सल्फर डाइऑक्साइड (SO2)
(d) कार्बन मोनोऑक्साइड (CO)

82. मार्केंशिया के बीजाणु-उद्भिद के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?
(a) यह प्रच्छद के टूटने से विघटित हो जाता है ।
(b) अंगुश्ताना, परिस्त्रीधानी और परिलिंगधानी मिलकर बीजाणु-उद्भिद के चारों ओर एक सुरक्षात्मक आवरण बनाते हैं ।
(c) बीजाणु-उद्भिद बीजाणु उत्पन्न करता है, जो विकसित होकर एक युग्मकोद्भिद बनाते हैं, जिस पर पुंधानी और स्त्रीधानी दोनों होते हैं ।
(d) इसमें अगुणित इलेटर होते हैं, जो बीजाणुओं के प्रकीर्णन में सहायता करते हैं ।

NotesCafe Teaching Exams

83. During dissection of a starfish, a student identifies a structure that regulates water entry into the water vascular system. Which structure performs this function ?
(a) Tube feet (b) Madreporite
(c) Radial canal (d) Ampulla

84. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other one labelled as Reason (R).
Assertion (A) : The filiform apparatus is a crucial component of the egg apparatus.
Reason (R) : It plays a vital role in guiding the pollen tube into the synergid.
In light of the above statements, choose the correct answer from the options given below :
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)
(b) (A) is true but (R) is false
(c) (A) is false but (R) is true
(d) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)

85. Which of the following are true with respect to plant cell walls ?
a. Calcium pectate, a polysaccharide, is present in middle lamella.
b. Lignin, a polysaccharide, is part of primary cell wall.
c. Cellulose, a β-glucose polysaccharide, is present in both the primary and secondary cell walls.
d. Cell walls do not have protein component.
Choose the most appropriate answer from the options given below :
(a) a, b, c and d (b) a and b only
(c) a and c only (d) a, b and c only

86. Pulvinus is a characteristic feature of
(a) Roots (b) Flowers
(c) Seeds (d) Leaves of legumes

87. Which enzyme is primarily responsible for the digestion of proteins in the stomach ?
(a) Trypsin (b) Amylase
(c) Pepsin (d) Lipase

83. एक तारामीन के व्यवच्छेदन के दौरान, एक छात्र एक ऐसी संरचना की पहचान करता है जो जल संवहनी तंत्र में जल के प्रवेश को नियंत्रित करती है । यह कार्य कौन-सी संरचना करती है ?
(a) नाल पाद (b) प्रंध्रक
(c) अरीय नाल (d) तुंबिका

84. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में नामांकित किया गया है ।
अभिकथन (A) : तंतुरूप समुच्चय अंड उपकरण का एक महत्वपूर्ण घटक है ।
कारण (R) : यह पराग नलिका को सहाय कोशिका में निर्देशित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।
उपर्युक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) सत्य है परन्तु (R) असत्य है
(c) (A) असत्य है परन्तु (R) सत्य है
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

85. पादप कोशिका भित्ति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से सही हैं ?
a. कैल्शियम पेक्टेट, जो एक पॉलीसैकराइड है, मध्य पटलिका में उपस्थित होता है ।
b. लिग्निन, जो एक पॉलीसैकराइड है, प्राथमिक कोशिका भित्ति का एक भाग होता है ।
c. सेल्युलोज, जो एक β-ग्लूकोज़ पॉलीसैकराइड है, प्राथमिक और द्वितीयक दोनों प्रकार की कोशिका भित्तियों में उपस्थित होता है ।
d. कोशिका भित्ति में प्रोटीन घटक नहीं होते हैं ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें ।
(a) a, b, c और d (b) केवल a और b
(c) केवल a और c (d) केवल a, b और c

86. पर्णवृंततल्प निम्नलिखित का एक विशिष्ट लक्षण है
(a) मूल (b) पुष्प
(c) बीज (d) फलियों की पत्तियां

87. उदर में प्रोटीन के पाचन के लिए मुख्य रूप से कौन-सा एंजाइम उत्तरदायी है ?
(a) ट्रिप्सिन (b) एमाइलेज
(c) पेप्सिन (d) लाइपेज

NotesCafe Teaching Exams

88. Cephaleuros virescens is economically significant in agriculture because it acts as
(a) A biofertilizer that fixes atmospheric nitrogen in rice paddies.
(b) A biological control agent against soil-borne nematodes.
(c) A parasitic green algae causing 'Red Rust' disease in tea and coffee plants.
(d) A source of growth-promoting hormones for hydroponic systems.

89. In the circulatory system of Rana tigrina, which structure helps in directing oxygenated and deoxygenated blood into different arterial arches ?
(a) Sinus venosus
(b) Truncus arteriosus without valve
(c) Dorsal aorta
(d) Conus arteriosus with spiral valve

90. Living fossils are those extant species that have remained remarkably unchanged over a million of years and still resemble their ancient fossil ancestors. Which of the following plant species is known as living fossil ?
(a) Riccia gangetica (b) Dionaea muscipula
(c) Opuntia ficus-indica (d) Gingko biloba

91. In the majority of angiosperms, the functional megaspores develop into the embryo sac through which of the following processes ?
(a) Direct transformation without any further nuclear division
(b) Two meiotic divisions followed by one mitotic division
(c) Three sequential mitotic divisions without cytokinesis until the end
(d) Four mitotic divisions result in a 16-nucleate structure

88. सेफेल्यूरस वायरसेंस कृषि में आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह
(a) एक जैव उर्वरक के रूप में कार्य करता है, जो धान के खेतों में वायुमंडलीय नाइट्रोजन को स्थिर करता है ।
(b) मृदा-जनित निमेटोड के विरुद्ध एक जैविक नियंत्रण कारक के रूप में कार्य करता है ।
(c) एक परजीवी हरित शैवाल के रूप में कार्य करता है, जो चाय और कॉफ़ी के पौधों में 'लाल रतुआ' रोग उत्पन्न करती है ।
(d) जल-संवर्धनी प्रणालियों के लिए विकास को बढ़ावा देने वाले हार्मोन का एक स्रोत के रूप में कार्य करता है ।

89. राणा टाइग्रीना के परिसंचरण तंत्र में, कौन-सी संरचना ऑक्सीजन युक्त और डीऑक्सीजेनेटेड रक्त को विभिन्न धमनी मेहराबों में निर्देशित करने में मदद करती है ?
(a) साइनस वेनोसस
(b) बिना कपाट के धमनी कांड
(c) पृष्ठ महाधमनी
(d) सर्पिल कपाट के साथ धमनी शंकु

90. जीवित जीवाश्म वे वर्तमान जातियाँ हैं जो लाखों वर्षों से उल्लेखनीय रूप से अपरिवर्तित रही हैं और आज भी अपने प्राचीन जीवाश्म पूर्वजों जैसी ही दिखती हैं । निम्नलिखित में से किस पादप प्रजाति को जीवित जीवाश्म के रूप में जाना जाता है ?
(a) रिशिया गैंजेटिका (b) डायोनेया मस्किपुला
(c) ओपन्टिया फिकस-इंडिका (d) जिंको बिलोबा

91. अधिकांश आवृतबीजियों में, क्रियात्मक गुरुबीजाणु निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया द्वारा भ्रूणकोष में विकसित होते हैं ?
(a) बिना किसी और नाभिकीय विभाजन के सीधा रूपांतरण
(b) दो अर्धसूत्री विभाजन, जिसके बाद एक समसूत्री विभाजन होता है
(c) अंत तक कोशिका द्रव्य विभाजन के बिना तीन क्रमिक सूत्री विभाजन
(d) चार सूत्री विभाजनों के परिणामस्वरूप 16-केंद्रकीय संरचना बनती है

NotesCafe Teaching Exams

92. A reservoir receives large amounts of fertilizer runoff from nearby agricultural fields. After a few weeks, fish mortality increases dramatically. Which process most directly explains the fish deaths ?
(a) Thermal stratification increasing oxygen levels
(b) Reduced nutrient concentration limiting plankton growth
(c) Bacterial decomposition of algal biomass causing oxygen depletion
(d) Increased photosynthesis producing toxic oxygen radicals

93. Match List-I with List-II.
List-I (Genus) : a. Spirogyra; b. Ulothrix; c. Ectocarpus; d. Volvox
List-II (Characteristics) : I. Isomorphic alternation of generations with plurilocular and unilocular sporangia; II. Scalariform and lateral conjugation; absence of flagellated stages in the life cycle; III. Differentiation into somatic and germ cells; complex embryonic inversion during development; IV. Cingulum-like (girdle-shaped) chloroplast; presence of a holdfast cell for substratum attachment
Choose the most appropriate answer from the options given below :
(a) a-I, b-II, c-III, d-IV (b) a-I, b-II, c-IV, d-III
(c) a-III, b-IV, c-I, d-II (d) a-II, b-IV, c-I, d-III

94. Match List-I with List-II.
List-I (Type of Ovule) : a. Anatropous Ovule; b. Orthotropous Ovule; c. Amphitropous Ovule
List-II (Description) : I. Body is completely inverted by 180°; II. Body is curved, embryo sac is C-shaped; III. Micropyle, Chalaza and Funiculus all are in one line
Choose the most appropriate answer from the options given below :
(a) a-III, b-II, c-I (b) a-I, b-II, c-III
(c) a-I, b-III, c-II (d) a-II, b-I, c-III

92. एक जलाशय में आस-पास के खेतों से बड़ी मात्रा में उर्वरक बहकर आता है । कुछ सप्ताह बाद, मछलियों की मृत्यु में भारी वृद्धि हो जाती है । कौन-सी प्रक्रिया मछलियों की मृत्यु का सबसे प्रत्यक्ष स्पष्टीकरण देती है ?
(a) तापीय स्तरीकरण द्वारा ऑक्सीजन के स्तर में वृद्धि
(b) पोषक तत्वों की कम सांद्रता से प्लवक की वृद्धि का सीमित होना
(c) शैवालीय जैव-संहति के जीवाणु-जनित अपघटन के कारण ऑक्सीजन की कमी
(d) प्रकाश-संश्लेषण में वृद्धि से विषैले ऑक्सीजन मूलकों का उत्पादन

93. सूची-I का सूची-II के साथ मिलान करें ।
सूची-I (वंश) : a. स्पाइरोगाइरा; b. यूलोथ्रिक्स; c. एक्टोकार्पस; d. वोल्वोक्स
सूची-II (विशेषताएँ) : I. बहुकोष्ठकी और एककोष्ठकी बीजाणुधानियों के साथ पीढ़ियों का समरूपी एकांतरण; II. सोपानवत् और पार्श्विक संयुग्मन; जीवन-चक्र में कशाभिका-युक्त अवस्थाओं की अनुपस्थिति; III. कायिक और जनन कोशिकाओं में विभेदन; विकास के दौरान जटिल भ्रूणीय उत्क्रमण; IV. सिंगुलम-सदृश (मेखला-आकार का) हरित लवक; आधार से जुड़ने के लिए एक होल्डफ़ास्ट कोशिका की उपस्थिति
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(a) a-I, b-II, c-III, d-IV (b) a-I, b-II, c-IV, d-III
(c) a-III, b-IV, c-I, d-II (d) a-II, b-IV, c-I, d-III

94. सूची-I का सूची-II के साथ मिलान करें ।
सूची-I (बीजांड का प्रकार) : a. प्रतीप बीजांड; b. ऋजु बीजांड; c. अनुप्रस्थ बीजांड
सूची-II (विवरण) : I. काया पूरी तरह से 180° उल्टी हो जाती है; II. काया वक्र होती है, भ्रूणकोष C-आकार का होता है; III. बीजांडद्वार, निभाग और बीजांडवृंत सभी एक ही रेखा में होते हैं
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(a) a-III, b-II, c-I (b) a-I, b-II, c-III
(c) a-I, b-III, c-II (d) a-II, b-I, c-III

© NotesCafe Teaching Exams · Copyright protected · For personal use only

95. What are soredia ?
(a) Spores producing structures for asexual reproduction in fungi
(b) Spores producing structures for asexual reproduction in lichens
(c) Spores producing structures for sexual reproduction in fungi
(d) Spores producing structures for sexual reproduction in algae

96. A marine biologist studies a sponge colony in which water enters through ostia, passes into a central cavity, and exits through the osculum. Which cellular structure primarily drives this water current ?
(a) Choanocytes (b) Pinacocytes
(c) Archaeocytes (d) Amoebocytes

97. The central fertile zone of the capsule situated between apophysis and the operculum is called
(a) Annulus (b) Columella
(c) Seta (d) Theca

98. Match List-I with List-II.
List-I (Plant Disease) : a. Late Blight of Potato; b. Loose Smut of Wheat; c. Ergot of Rye; d. Red Rot of Sugarcane
List-II (Causative Organism) : I. Colletotrichum falcatum; II. Ustilago nuda; III. Claviceps purpurea; IV. Phytophthora infestans
Choose the most appropriate answer from the options given below :
(a) a-I, b-II, c-III, d-IV (b) a-I, b-II, c-IV, d-III
(c) a-III, b-IV, c-I, d-II (d) a-IV, b-II, c-III, d-I

99. Which one of the following is a lungfish ?
(a) Protopterus (b) Catla catla
(c) Heteropneustes fossilis (d) Labeo rohita

95. सोरीडिया क्या है ?
(a) कवकों में अलैंगिक प्रजनन के लिए बीजाणु उत्पन्न करने वाली संरचनाएँ
(b) लाइकेन में अलैंगिक प्रजनन के लिए बीजाणु उत्पन्न करने वाली संरचनाएँ
(c) कवकों में लैंगिक प्रजनन के लिए बीजाणु उत्पन्न करने वाली संरचनाएँ
(d) शैवाल में लैंगिक प्रजनन के लिए बीजाणु उत्पन्न करने वाली संरचनाएँ

96. एक समुद्री जीवविज्ञानी स्पंज की एक निवह का अध्ययन करता है, जिसमें जल मुख के रास्ते प्रवेश करता है, एक केंद्रीय गुहा में जाता है और प्रास्य के रास्ते बाहर निकल जाता है । इस जल-प्रवाह को मुख्य रूप से कौन-सी कोशिकीय संरचना संचालित करती है ?
(a) कीपाणु (b) सपाटाणु
(c) आद्याणु (d) अमीबाणु

97. अध:स्फीतिका और प्रच्छद के बीच स्थित संपुट के केंद्रीय उर्वर क्षेत्र को कहा जाता है
(a) वलयिका (b) स्तम्भिका
(c) स्फोटिकावृंत (d) प्रावरक/थिका

98. सूची-I का सूची-II के साथ मिलान करें ।
सूची-I (पादप रोग) : a. आलू की विलंबित अंगमारी; b. गेहूं की लूज़ स्मट; c. राई की एरगोट; d. गन्ने की लाल सड़ांध
सूची-II (कारक जीव) : I. कोलेटोट्राइकम फाल्केटम; II. अस्टिलागो न्यूडा; III. क्लेविसेप्स परप्यूरिया; IV. फाइटोफ्थोरा इन्फेस्टैन्स
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(a) a-I, b-II, c-III, d-IV (b) a-I, b-II, c-IV, d-III
(c) a-III, b-IV, c-I, d-II (d) a-IV, b-II, c-III, d-I

99. निम्नलिखित में से कौन-सी उभयश्वासी मीन (लंगफिश) है ?
(a) प्रोटोप्टेरस
(b) कटला कटला
(c) हेटेरोप्न्यूस्टेस फॉसिलिस
(d) लाबियो रोहिता

© NotesCafe Teaching Exams · Copyright protected · For personal use only

100. Which genus of Red algae is the primary source of 'Carrageenan', and what is a critical pharmaceutical application of this substance ?
(a) Porphyra; used as a source of Vitamin C in scurvy prevention.
(b) Laminaria; used as a surgical tool to dilate the cervix.
(c) Gelidium; used as a solidifying agent for bacterial culture media.
(d) Chondrus; used as an emulsifier and stabilizer, thickner and gelling agent in pharmaceutical suspensions.

101. Microtubules
a. are dimers made up of fibrous protein actin.
b. undergo continual assembly and disassembly within the cell.
c. participate in separation of chromosomes during mitosis.
d. need GTP to regulate the polymerisation of its β-tubulin.
Choose the most appropriate answer from the options given below :
(a) a, b, c and d (b) c and d only
(c) a and d only (d) b, c and d only

102. What is the most common form of carbohydrate translocated through the phloem ?
(a) Starch (b) Fructose
(c) Sucrose (d) Glucose

103. Which of the following lineages, formerly considered part of Zygomycota, is now recognized as a distinct phylum consisting almost entirely of arbuscular mycorrhizal fungi ?
(a) Glomeromycota (b) Blastocladiomycota
(c) Microsporidia (d) Chytridiomycota

100. लाल शैवाल का कौन-सा वंश 'कैरेजीनन' का प्राथमिक स्रोत है, और इस पदार्थ का एक महत्वपूर्ण औषधीय अनुप्रयोग क्या है ?
(a) पोर्फाइरा; स्कर्वी की रोकथाम में विटामिन C के स्रोत के रूप में उपयोग किया जाता है ।
(b) लैमिनेरिया; गर्भाशय-ग्रीवा के विस्फार के लिए एक शल्यक्रिया उपकरण के रूप में उपयोग किया जाता है ।
(c) जेलिडियम; जीवाणु संवर्धन माध्यम को ठोस बनाने वाले कारक के रूप में उपयोग किया जाता है ।
(d) कॉन्ड्रस; फार्मास्यूटिकल सस्पेंशन्स में इमल्सीफायर, स्टेबलाइज़र, गाढ़ा करने वाले पदार्थ और जेलिंग-कर्मक के रूप में उपयोग किया जाता है ।

101. सूक्ष्मनलिकाएँ
a. द्वितय रेशेदार प्रोटीन एक्टिन से निर्मित होती हैं ।
b. कोशिका के भीतर निरंतर संयोजन और विघटन से गुजरती हैं ।
c. सूत्री विभाजन के दौरान गुणसूत्रों के पृथक्करण में भाग लेती हैं ।
d. इन्हें अपने β-ट्यूबुलिन के बहुलकीकरण को विनियमित करने के लिए GTP की आवश्यकता होती है ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(a) a, b, c और d (b) केवल c और d
(c) केवल a और d (d) केवल b, c और d

102. फ्लोएम के माध्यम से स्थानांतरित कार्बोहाइड्रेट का सबसे सामान्य रूप क्या है ?
(a) स्टार्च (b) फ्रुक्टोज
(c) सुक्रोज (d) ग्लूकोज

103. निम्नलिखित में से किस वंश को, जिसे पहले ज़ाइगोमाइकोटा का हिस्सा माना जाता था, अब एक अलग संघ के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसमें लगभग पूरी तरह से कूर्चकी माइकोराइज़ल कवक सम्मिलित हैं ?
(a) ग्लोमेरोमाइकोटा
(b) ब्लास्टोक्लेडियोमाइकोटा
(c) माइक्रोस्पोरिडिया
(d) काइट्रिडियोमाइकोटा

© NotesCafe Teaching Exams · Copyright protected · For personal use only

104. During insect dissection, a student observes an excretory system consisting of numerous thin tubules opening into the hindgut. Which arthropod structure is responsible for this function ?
(a) Green glands (b) Nephridia
(c) Malpighian tubules (d) Flame cells

105. In modern phylogenetic classification, Phytophthora is placed within the Kingdom Straminipila (Chromista) rather than Kingdom Fungi. Which biochemical characteristic of its cell wall supports this placement ?
(a) A cell wall impregnated with silica frustules
(b) The absence of any rigid cell wall during the vegetative state
(c) A cell wall composed predominantly of β-1,3 and β-1,6 glucans and cellulose
(d) The presence of chitin as the primary structural polymer

106. During digestion, a student observes that starch is first broken down into maltose and later into glucose before absorption in the small intestine. Which enzymes are responsible for these two steps, respectively ?
(a) Amylase and maltase (b) Lactase and sucrase
(c) Pepsin and lipase (d) Trypsin and peptidase

107. Which of the following statements regarding 'Autecology' is correct ?
(a) It is the study of the relationship of an individual species with its environment.
(b) It is the study of complex interactions between different communities.
(c) It focuses solely on the flow of energy through an entire ecosystem.
(d) It ignores environmental factors to focus on internal genetic drift.

104. कीट व्यवच्छेदन की अवधि में, एक छात्र एक उत्सर्जन तंत्र का अवलोकन करता है, जिसमें अनेक पतली नलिकाएँ होती हैं जो पश्च-आंत्र में खुलती हैं । आर्थ्रोपोड की कौन-सी संरचना इस कार्य के लिए उत्तरदायी है ?
(a) हरित ग्रंथियाँ (b) वृक्कक
(c) मैलपीगी नलिकाएँ (d) ज्वाला कोशिकाएँ

105. आधुनिक जातिजनित वर्गीकरण में, फाइटोप्थोरा कवक जगत के स्थान पर स्ट्रामिनिपिला जगत (क्रोमिस्टा) के अंतर्गत रखा गया है । इसकी कोशिका भित्ति की कौन-सी जैव-रासायनिक विशेषता इस वर्गीकरण का समर्थन करती है ?
(a) सिलिका फ्रस्च्यूल्स से अंतर्भरित कोशिका भित्ति
(b) कायिक अवस्था के दौरान किसी भी कठोर कोशिका भित्ति की अनुपस्थिति
(c) मुख्य रूप से β-1,3 और β-1,6 ग्लूकन तथा सेल्युलोज से निर्मित एक कोशिका भित्ति
(d) मुख्य संरचनात्मक बहुलक के रूप में काइटिन की उपस्थिति

106. पाचन के दौरान, एक छात्र यह देखता है कि क्षुद्रांत्र में अवशोषण से पहले, स्टार्च सबसे पहले माल्टोज़ में और बाद में ग्लूकोज़ में टूट जाता है । इन दोनों चरणों के लिए क्रमशः कौन-से एंजाइम उत्तरदायी हैं ?
(a) एमाइलेज और माल्टेस (b) लैक्टेज और सुक्रेज
(c) पेप्सिन और लाइपेज (d) ट्रिप्सिन और पेप्टिडेस

107. 'स्वपारिस्थितिकी' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(a) यह किसी एक जाति के उसके पर्यावरण के साथ संबंध का अध्ययन है ।
(b) यह विभिन्न समुदायों के बीच होने वाली जटिल अंतर्क्रियाओं का अध्ययन है ।
(c) यह पूरी तरह से एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से ऊर्जा के प्रवाह पर केंद्रित है ।
(d) यह आंतरिक आनुवंशिक अपवाह पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पर्यावरणीय कारकों की उपेक्षा करता है ।

NotesCafe Teaching Exams

108. During a laboratory experiment, a student observes that a hydra immobilizes its prey using special stinging cells containing nematocysts. These cells are characteristic of which phylum ?
(a) Platyhelminthes (b) Annelida
(c) Arthropoda (d) Cnidaria

109. Identify which of the following statements are true for liverworts.
a. Liverworts are different from mosses.
b. Rhizoids in liverworts can be both unicellular or multicellular.
c. Membrane bound oil-bodies are unique to liverworts.
d. Stomata are never present on sporophyte of liverworts.
Choose the most appropriate answer from the options given below :
(a) a, b, c and d (b) a, c and d only
(c) c and d only (d) b, c and d only

110. Which of the following is the most characteristic feature of Arthropoda ?
(a) Radial symmetry (b) Absence of segmentation
(c) Presence of parapodia (d) Jointed appendages

111. Read the following statements, which of them are correct about Equisetum ?
a. Stem is jointed and ribbed.
b. Stem epidermis is silicified.
c. Strobili are composed of sporangiophores.
d. Elaters help in spore dispersal.
Choose the most appropriate answer from the options given below :
(a) only a (b) only a, b and c
(c) a, b, c and d (d) only a and b

113. The widely accepted mechanism for the translocation of sugars in plants is the
(a) Cohesion-Tension Theory
(b) Pressure Flow (Mass Flow) Hypothesis
(c) Imbibition
(d) Root Pressure Theory

108. एक प्रयोगशाला प्रयोग में, एक छात्र यह देखता है कि हाइड्रा नेमाटोसिस्ट युक्त विशेष डंक मारने वाली कोशिकाओं का उपयोग करके अपने शिकार को स्थिर कर देता है । ये कोशिकाएँ किस संघ की विशेषता हैं ?
(a) प्लेटीहेल्मिंथीज (b) एनेलिडा
(c) आर्थ्रोपोडा (d) निडेरिया

109. पहचानें कि निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लिवरवॉर्ट्स के लिए सही है ?
a. लिवरवॉर्ट्स मॉस से अलग होते हैं ।
b. लिवरवॉर्ट्स में प्रकंद एककोशिकीय या बहुकोशिकीय दोनों हो सकते हैं ।
c. झिल्ली-बद्ध तेल-पिंड लिवरवॉर्ट्स की विशिष्टता हैं ।
d. लिवरवॉर्ट्स के बीजाणु-उद्भिदों पर रंध्र कभी भी उपस्थित नहीं होते हैं ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(a) a, b, c और d (b) केवल a, c और d
(c) केवल c और d (d) केवल b, c और d

110. निम्नलिखित में से कौन-सा आर्थ्रोपोडा का सबसे विशिष्ट लक्षण है ?
(a) अरीय सममिति (b) खण्डीकरण का अभाव
(c) पार्श्वपाद की उपस्थिति (d) संयोजित उपांग

111. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें; इनमें से कौन-से कथन इक्विसेटम के बारे में सही हैं ?
a. तना जोड़दार और धारीदार होता है ।
b. तने की अधिचर्म सिलिकायुक्त होती है ।
c. स्ट्रोबिली बीजाणुधानीधर से बने होते हैं ।
d. इलेटर बीजाणुओं के प्रकीर्णन में सहायता करते हैं ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(a) केवल a (b) केवल a, b और c
(c) a, b, c और d (d) केवल a और b

113. पौधों में शर्करा के स्थानांतरण के लिए व्यापक रूप से स्वीकृत क्रियाविधि है
(a) संसंजन-तनाव सिद्धांत
(b) दाब प्रवाह (द्रव्यमान प्रवाह) परिकल्पना
(c) अंत:शोषण
(d) मूल दाब सिद्धांत

© NotesCafe Teaching Exams · Copyright protected · For personal use only

114. Which of the following carbohydrates serves as the primary storage form of glucose in animals ?
(a) Chitin (b) Starch
(c) Glycogen (d) Cellulose

115. What is the primary physiological function of the 'heterocyst' in filamentous cyanobacteria like Nostoc ?
(a) It serves as a resistant spore for surviving long periods of desiccation.
(b) It is a specialized cell for the production of hormogonia for fragmentation.
(c) It acts as a site for high-intensity oxygenic photosynthesis.
(d) It facilitates the fixation of atmospheric nitrogen using the enzyme nitrogenase.

116. A parasitologist notes that a flatworm parasite lacks a digestive system and absorbs nutrients directly through its body surface while living in the host intestine. Which organism fits this description ?
(a) Fasciola hepatica (b) Planaria
(c) Ascaris lumbricoides (d) Taenia solium

118. In a patient with kidney failure, urea accumulates in the bloodstream (uremia). Which component of the circulatory system primarily transports urea from tissues to the kidneys ?
(a) Red blood cells (b) Blood plasma
(c) Platelets (d) Lymphatic vessels

119. Match List-I with List-II.
List-I (Organelle) : a. Mitochondria; b. Cytoplasm; c. Peroxisome; d. Golgi Apparatus
List-II (Marker Enzyme) : I. Urate Oxidase; II. Galactosyl Transferase; III. Lactate Dehydrogenase; IV. Succinate Dehydrogenase
Choose the most appropriate answer from the options given below :
(a) a-IV, b-III, c-I, d-II (b) a-IV, b-III, c-II, d-I
(c) a-III, b-IV, c-I, d-II (d) a-IV, b-II, c-III, d-I

114. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्बोहाइड्रेट जंतुओं में ग्लूकोज के प्राथमिक भंडारण रूप के रूप में कार्य करता है ?
(a) काईटिन (b) स्टार्च
(c) ग्लाइकोजन (d) सेल्युलोज

115. तंतुमय साइनोजीवाणु जैसे नोस्टोक में 'हेटेरोसिस्ट' का प्राथमिक शारीरीय कार्य क्या है ?
(a) वह लंबे समय तक शुष्कता में जीवित रहने के लिए एक प्रतिरोधी बीजाणु के रूप में कार्य करता है ।
(b) वह विखंडन के लिए हॉर्मोगोनिया के उत्पादन हेतु एक विशिष्ट कोशिका है ।
(c) वह उच्च-तीव्रता वाले ऑक्सीजनिक प्रकाश-संश्लेषण के स्थल के रूप में कार्य करता है ।
(d) वह नाइट्रोजिनेस एंजाइम का उपयोग करके वायुमंडलीय नाइट्रोजन के स्थिरीकरण को सुगम बनाता है ।

116. एक परजीवीविज्ञानी ने पाया कि एक चपटे कृमि परजीवी में पाचन तंत्र नहीं होता है और वह पोषी की आंत्र में रहते हुए सीधे अपने शरीर की सतह से पोषक तत्व अवशोषित करता है । कौन-सा जीव इस विवरण से मेल खाता है ?
(a) फासियोला हेपेटिका
(b) प्लेनेरिया
(c) एस्केरिस लुम्ब्रिकोइड्स
(d) टेनिया सोलियम

118. वृक्क की विफलता वाले रोगी में, यूरिया रक्तप्रवाह में जमा (यूरेमिया) हो जाता है । परिसंचरण तंत्र का कौन-सा घटक मुख्य रूप से ऊतकों से वृक्क तक यूरिया का परिवहन करता है ?
(a) लाल रक्त कोशिकाएँ (b) रक्त प्लाज्मा
(c) बिंबाणु (d) लसीका वाहिकाएँ

119. सूची-I का सूची-II के साथ मिलान करें ।
सूची-I (कोशिकांग) : a. सूत्रकणिका; b. कोशिका द्रव्य; c. परऑक्सिकाय; d. गॉल्जी उपकरण
सूची-II (चिह्नक एंजाइम) : I. यूरेट ऑक्सीडेज़; II. गैलेक्टोसिल ट्रांसफरेज़; III. लैक्टेट डिहाइड्रोजिनेज़; IV. सक्सीनेट डिहाइड्रोजिनेज़
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(a) a-IV, b-III, c-I, d-II (b) a-IV, b-III, c-II, d-I
(c) a-III, b-IV, c-I, d-II (d) a-IV, b-II, c-III, d-I

© NotesCafe Teaching Exams · Copyright protected · For personal use only

120. Which protozoan causes amoebiasis in humans ?
(a) Plasmodium vivax (b) Entamoeba histolytica
(c) Trypanosoma gambiense (d) Paramecium caudatum

121. The 'peristome' is a sophisticated structure found in the capsule of most true mosses. What is its primary physiological function during spore dispersal ?
(a) To anchor the sporophyte firmly into the gametophytic tissue
(b) To actively photosynthesise and provide nutritional support to the developing spores
(c) To regulate spore release through hygroscopic movements in response to humidity changes
(d) To provide structural support to the operculum before dehiscence

123. An earthworm living in moist soil performs respiration mainly through diffusion across a moist body surface. Which adaptation facilitates this process ?
(a) Presence of lungs
(b) Tracheal system
(c) Gills
(d) Thin vascular skin with rich blood supply

124. A conservation biologist studying tropical rainforests records high diversity of arboreal mammals, colourful parrots, and poison dart frogs. This ecosystem most likely belongs to which zoogeographical region ?
(a) Ethiopian region (b) Neotropical region
(c) Nearctic region (d) Palearctic region

125. Which zoogeographical region is known for animals such as giraffes, zebras, and African elephants ?
(a) Ethiopian region (b) Nearctic region
(c) Oriental region (d) Neotropical region

120. कौन-सा प्रोटोजोआ मनुष्यों में अमीबा-रुग्णता का कारण होता है ?
(a) प्लाज्मोडियम वाइवैक्स
(b) एंटामोइबा हिस्टोलिटिका
(c) ट्राइपानोसोमा गैम्बीएंस
(d) पैरामेसियम कौडेटम

121. 'परिमुख' अधिकांश वास्तविक मॉस के कैप्सूल में पाई जाने वाली एक परिष्कृत संरचना है । बीजाणु प्रकीर्णन के दौरान इसका प्राथमिक शारीरीय कार्य क्या होता है ?
(a) बीजाणु-उद्भिद के युग्मकोद्भिदी ऊतक में प्रबलता से स्थिर करने के लिए
(b) सक्रिय रूप से प्रकाश संश्लेषण करना और विकासशील बीजाणुओं को पोषण सहायता प्रदान करना
(c) आर्द्रता परिवर्तनों की प्रतिक्रिया में आर्द्रताग्राही संचलनों के माध्यम से बीजाणु मोचन को विनियमित करना
(d) स्फुटन से पहले प्रच्छद को संरचनात्मक सहायता प्रदान करना

123. नम मिट्टी में रहने वाला केंचुआ मुख्य रूप से अपनी नम शारीरिक सतह के माध्यम से विसरण द्वारा श्वसन करता है । कौन-सा अनुकूलन इस प्रक्रिया को सुगम बनाता है ?
(a) फेफड़ों की उपस्थिति
(b) श्वासनली (वातक) तंत्र
(c) गलफड़ा
(d) समृद्ध रक्त आपूर्ति के साथ पतली संवहनी त्वचा

124. एक संरक्षण जीवविज्ञानी, जो उष्णकटिबंधीय वर्षावनों का अध्ययन कर रहा है, वृक्षों पर रहने वाले स्तनधारियों, रंग-बिरंगे तोतों और ज़हरीले डार्ट मेंढकों की उच्च विविधता को दर्ज करता है । यह पारिस्थितिकी तंत्र सबसे अधिक संभावना किस जैव-भौगोलिक क्षेत्र से संबंधित है ?
(a) इथियोपियाई क्षेत्र
(b) नवउष्णकटिबंधीय क्षेत्र
(c) निआर्कटिक क्षेत्र
(d) पालिआर्कटिक/यूरोप-एशियाई क्षेत्र

125. कौन-सा प्राणी-भौगोलिक क्षेत्र जिराफ़, ज़ेबरा और अफ़्रीकी हाथियों जैसे जानवरों के लिए जाना जाता है ?
(a) इथियोपियाई क्षेत्र (b) नियार्कटिक क्षेत्र
(c) प्राच्य/पूर्वी क्षेत्र (d) नवउष्णकटिबंधीय क्षेत्र

© NotesCafe Teaching Exams · Copyright protected · For personal use only

About This Paper | इस प्रश्न पत्र के बारे में

What is this PDF? The UP TGT Biology 2026 previous year question paper of the Uttar Pradesh Secondary Education Service Selection Board (UPSESSB, now UPESSC) for Assistant Teacher (Trained Graduate Teacher, TGT), without answers or explanations.

What does it cover? 110 questions in English and Hindi. Not included: Q23–29, Q46–50, Q112, Q117, Q122 (not readable in the source copy, or left out after review).

यह PDF क्या है? उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (UPSESSB, अब UPESSC) की यूपी टीजीटी (सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक) जीव विज्ञान 2026 परीक्षा का विगत वर्ष का प्रश्न पत्र, बिना उत्तर और व्याख्या के।

इसमें क्या है? 110 प्रश्न (अंग्रेज़ी और हिन्दी)। शामिल नहीं: प्र.23–29, प्र.46–50, प्र.112, प्र.117, प्र.122 (स्रोत प्रति में अपठनीय, या समीक्षा के बाद हटाए गए)।

Disclaimer · अस्वीकरण

This question paper has been compiled, typeset and translated by NotesCafe for self-study. The compilation, layout and translation are protected by copyright and are the property of NotesCafe Teaching Exams; they may not be copied, sold, shared or redistributed without written permission. The original questions belong to the examining body. NotesCafe is not affiliated with UPESSC or UPSESSB, and the official question paper prevails. Every effort has been made to reproduce the questions accurately, but some errors may remain; please verify against the official paper and report mistakes at support@notes-cafe.com.

यह प्रश्न पत्र NotesCafe द्वारा स्व-अध्ययन हेतु संकलित, टंकित एवं अनूदित है। संकलन, प्रारूप एवं अनुवाद कॉपीराइट से सुरक्षित हैं और NotesCafe Teaching Exams की सम्पत्ति हैं; लिखित अनुमति के बिना इनकी प्रतिलिपि, विक्रय, साझाकरण या पुनर्वितरण वर्जित है। मूल प्रश्न परीक्षा संस्था के हैं। NotesCafe का UPESSC या UPSESSB से कोई संबंध नहीं है, और आधिकारिक प्रश्न पत्र ही मान्य होगा। प्रश्नों को सही रूप में देने का पूरा प्रयास किया गया है, फिर भी त्रुटियाँ संभव हैं; कृपया आधिकारिक प्रश्न पत्र से मिलान करें और त्रुटि की सूचना support@notes-cafe.com पर दें।